हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 मार्च 2025

06 भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याण...

07 एक हजार वर्ष की तपस्या के बाद आदिनाथ को मिला था...







## खबर संक्षेप

### टीएल बैठक आज होगी

**विदिशा।** सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में टीएल की बैठक होगी। जिसके लिए एजेंडा जारी कर दिया गया है। बैठक में राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन, पीएम जनमन योजना, खाद एवं बीज आपूर्ति, जल जीवन मिशन, आकांक्षी जिला योजना, स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान योजना, पेंशन प्रकरणों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी।

### औदीच्य ब्राह्मण समाज का होली मिलन संपन्न

**विदिशा।** मोहनगिरी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला ब्रह्मा भवन में औदीच्य ब्राह्मण समाज एवं महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गोविंद देवलिया, नपा अध्यक्ष प्रीति शर्मा, उद्योगपति राकेश शर्मा एवं मनमोहन शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अनेक लोगों ने गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### अशोक कोठारी बने सार्वजनिक भोजनालय समिति अध्यक्ष

**विदिशा।** सार्वजनिक भोजनालय समिति के चुनाव निर्विराध संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी घनश्याम बंसल, हरीश वाधवानी ने निर्विरोध प्रक्रिया कराई। जिसमें अशोक भाई कोठारी अध्यक्ष, हरिनारायण माहेश्वरी उपाध्यक्ष, बलवीर सिंह रघुवंशी सचिव, सतीश बंसल कोषाध्यक्ष एवं सुशील अग्रवाल सह सचिव निर्वाचित हुए। साथ ही छह कार्यकारिणी सदस्य राजाराम शर्मा, प्रशांत सिरभैया, अरुण कुमार शेवडे, रत्नेश गर्ग, किशोर कुमार शाह संतोष माहेश्वरी का चयन किया गया।

### उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का नवाचारों पर जोर

**विदिशा।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत जिले में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण, सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन संबंधी नवाचारों की जानकारी दी गई। विधायक मुकेश टंडन ने किसानों को नकदी फसलों के उत्पादन और नवीनतम बीजों के उपयोग पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला।

### गतिविधियों व धर्मशाला निर्माण पर चर्चा की गई

**विदिशा।** रविवार को कलचुरी कलार समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले के कलचुरी कलार समाज के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सामाजिक गतिविधियों व धर्मशाला निर्माण के लिए चर्चा की गई। इस दौरान कलार सामान जिला अध्यक्ष मूलचंद राय, मुकेश चौकसे, राधेश्याम राय, मोतीलाल चौकसे, जुगल किशोर चौकसे, जसवंत चौकसे, नितेश राय, मुन्नालाल राय, सुरेश राय, भोगीराम चौकसे आदि मौजूद रहे।

# चंदला बाली के जंगल में भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर मुख्यालय पर चंदला बाली के जंगलों में भीषण आग ने तबाही मचा दी। जंगल के जंगली जानवर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

पिछले वर्ष भी इन जंगलों में भीषण आग लगी थी। वन विकास निगम के जंगल में गर्मी प्रारंभ होते ही जंगलों में आगजनी की घटनाएं होती हैं। वन विभाग के पास आग बुझाने के लिए कोई पर्याप्त संसाधन न होने के चलते जंगल दावानल से दहक उठते हैं। यह आग भी धीरे-धीरे जंगल से होते हुए किसानों के खेतों की ओर तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय किसान स्वदीप रघुवंशी ने बताया कि वन विभाग ने यदि आग पर काबू नहीं कर पाया तो हमारे खेतों की खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद हो सकती है।

उन्होंने बताया है कि पिछले वर्ष भी इन जंगल में आग लगी थी। इन जंगलों में सागौन के वृक्ष काफी संख्या में हैं। हरे- भरे वृक्ष एवं वन संपदा इस आग में जलकर नष्ट हो जाती है। वन्य प्राणी भी इस आग की चपेट में आने के चलते झुलस जाते हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने 87 हजार 955 किसानों ने कराया पंजीयन

# नए गेहूं की आवक शुरूः समर्थन मूल्य 175 रु. बोनस बढ़ाया, 2600 रु. क्विंटल में खरीदेंगे

### कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और जिला आपूर्ति अधिकारी ने गुलाबगंज क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। 185 केंद्रों पर खरीदी की जाएगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सभी उपार्जन केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश दिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने गुलाबगंज तहसील के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना मसूर और सरसों की फसल विक्रय के लिए कुल 87 हजार 955 किसानों के द्वारा रविवार तक पंजीयन कराया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि अब सिर्फ गेहूं के लिए किसान अपना 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। शेष फसलें जैसे चना, मसूर और सरसों के लिए पंजीयन की अवधि समाप्त हो चुकी है। अब तक पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 87 हजार 955 है। जबकि गेहूं के लिए 73 हजार 737 किसानों, चना हेतु 23 हजार 749 ने मसूर के लिए 23 हजार 451 ने पंजीयन कराया है। वहीं सरसों फसल विक्रय के लिए 3 हजार 358 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। गेहूं के लिए सर्वाधिक विदिशा ग्रामीण तहसील क्षेत्र में 14 हजार 540 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। वहीं चना के लिए सर्वाधिक बासौदा तहसील में 4538 किसानों ने मसूर के लिए सिरोंज तहसील में 5579 किसानों ने तथा सरसों फसल के लिए भी सिरोंज तहसील में 1018 किसानों ने सर्वाधिक पंजीयन कराया है।

चना मसूर और सरसों के लिए सिरोंज तहसील में 12005 बासौदा में 10,385 कुरवाई में 9,152 नटेरन में 8,105 शमशाबाद में 7,724 लटेरी में 6,221 गुलाबगंज में 4,804 ग्यारसपुर में 4,673 त्यौदा में 4,448 तथा पठारी तहसील में 3101 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है।



**विदिशा।** नवीन कृषि मंडी में भी नए गेहूं की आवक शुरू हो गई है। मंडी किसानों और ट्रैक्टर- ट्रॉलियों से खचाखच है।

### पंजीयन कराने की आखिरी तारीख 31

विदिशा। राज्य शासन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। जिसमें 175 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस जोड़कर किसानों को 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 31 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। किसानों को पंजीयन एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल और अन्य डिजिटल माध्यमों से कराने की सुविधा दी गई है।

### विदिशा ग्रामीण में सबसे अधिक पंजीयन

विदिशा जिले में अब तक गेहूं चना, मसूर और सरसों की फसल समर्थन मूल्य पर विक्रय करने सर्वाधिक पंजीयन विदिशा ग्रामीण तहसील क्षेत्र में 15536 किसानों के द्वारा कराया गया है जबकि सबसे कम विदिशा शहरी तहसील क्षेत्र में 1801 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# एसपी ने पुलिस थानों का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की



**विदिशा।** निरीक्षण के दौरान थाने के जवानों और टीआई से जानकारी लेते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने जिले के विभिन्न थानों का देर रात औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कानून व्यवस्था, डिजिटल प्रणाली, लंबित मामलों और पुलिस कर्मियों की समस्याओं की समीक्षा की गई।

एसपी रोहित काशवानी ने गुलाबगंज और गंजबासौदा देहात थाने का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने करारिया थाना देखा। सीएसपी अतुल कुमार ने कोतवाली और ढोलखेड़ी आउट पोस्ट का जायजा लिया। डीएसपी ज्योति शर्मा ने सिविल लाइंस और महिला थाना का निरीक्षण किया। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने गंजबासौदा सिटी और देहात थाने की स्थिति देखी। एसडीओपी उमेश तिवारी ने मुगलसराय और सिरोंज थाने का निरीक्षण किया। एसडीओपी अजय मिश्रा ने शमशाबाद और लटेरी थाने की समीक्षा की। डीएसपी अनूप नैन ने कुरवाई थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्षिक निरीक्षण रजिस्टर की जांच की गई। लंबित ई एफआईआर मामलों की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# विदिशा में बजेगी रूस की प्रसिद्ध मुरली बाजार में गूंजेंगे बृज के संत के भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



सावरकर बाल विहार में 27 अप्रैल को संत समागम होगा। जिमसें रूस की प्रसिद्ध मुरली वादक ए प्रेमा अग्नि देवी के साथ बृज के प्रसिद्ध संत महावीर भगत रसिक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसको लेकर अग्रवाल धर्मशाला में एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ब्रज रसिक सेवा मंडल के विनीत दांगी ने बताया कि कार्यक्रम के संबंध में यह पहली बैठक है। जिसमें विदिशा के धर्मविलंबी, समाजसेवी और संत समाज एकत्रित हुए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समय शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक रहेगा। जिसमें संत समागम के साथ ही रूस की प्रसिद्ध मुरली वादक ए प्रेमा अग्नि देवी के साथ बृज के प्रसिद्ध संत महावीर भगत रसिक द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। संत समागम में परमेश्वर दास त्यागी (मोर कुटी आश्रम वृंदावन) केशव दास (कांठिया आश्रम वृंदावन) सहित देश भर के विभिन्न अखाड़ों, आश्रमों के महामंडलेश्वर, साधु-संतों का समागम होगा। बैठक दौरान विनीत दांगी ने कहा कि आयोजन शहर का है। आयोजन में सभी की सहभागिता आवश्यक है। आगामी दिनों में एक और बैठक करके सभी को कार्यक्रम के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी।

### 'शाला में पहला कदम' 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव

**विदिशा।** एक अप्रैल से स्कूल प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग की अपेक्षा की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी बच्चों का समय पर स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि आंगनबाड़ियों में पंजीकृत 6 वर्ष तक के बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों को किट का वितरण भी किया जाएगा।

### राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**विदिशा।** न्यू शांतिनिकेतन स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र श्रेयश का मणिपुर के इंफाल में होने जा रही 68वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। उससे पूर्व इंदौर में 15 दिवसीय कैंप लगाया जाएगा। जिसमें विदिशा के श्रेयश रतूड़ी शिरकत करेंगे।

# रघुवंशी परमार्थ सेवा ट्रस्ट अयोध्या के चुनाव हुए, प्रताप सिंह बने अध्यक्ष

**त्रिवार्षिक चुनाव हुएः बैठक में रघुवंशी समाज के सभी कद्दावर नेता हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रघुवंशी धर्मशाला में रविवार को रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट के त्रिवार्षिक चुनाव हुए। जिसमें सर्वसम्मति से प्रताप सिंह रघुवंशी मानौरा को ट्रस्ट का अध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी सदस्यों का निर्वाचन आम सहमति से हुआ।

निर्वाचन के दौरान ट्रस्ट के निवृत्तमान अध्यक्ष पूरन सिंह रघुवंशी मंडी बामौरा ने अयोध्या में मौजूद विदिशा जिले की एकमात्र रघुवंशी धर्मशाला की प्रगति पर ट्रस्टी सदस्यों को अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विचार रखें। वहीं विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी सहित ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारियों ने भी सामाजिक एकता और ट्रस्ट की चली आ रही परंपरानुसार ही आम सहमति से ही ट्रस्ट के निर्वाचन पर जोर दिया। इस दौरान समाज के प्रमुखजन मौजूद रहे।

### कार्यकारिणी के पदों के लिए एक एक फॉर्म आए

बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से ट्रस्ट कार्यकारिणी के निर्वाचन पर सहमति दी। ट्रस्ट की ओर से निर्वाचन की जबाबदारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह रघुवंशी, दिलीप सिंह रघुवंशी एवं देवेंद्र रघुवंशी को सौंपी गई थी। निर्धारित समय पर आठ सदस्यीय ट्रस्ट की कार्यकारिणी के सभी पदों के लिए एक एक फॉर्म आने पर मुख्यनिर्वाचन अधिकारी बलबीर सिंह रघुवंशी ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी , गुलाबसिंह आरआई, सचिव एड महेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजाराम रघुवंशी और एड रघुवीर सिंह, सहसचिव पद पर निरंजन सिंह एवं रोहित रघुवंशी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# नए मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना अच्छी पर उनमें फैकल्टी की उपलब्धता भी जरूरीः सुब्बाराव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा





**विदिशा।** बैठक के दौरान चिकित्सकों ने अपने-अपने सुझाव सांझा किए।

रविवार को एमपी आईएमए कार्यकारिणी की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में एमपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने बताया कि आईएमए राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संगठन है इसमें एमबीबीएस डॉ ही इसके सदस्य बन सकतें। भारत सरकार भी स्वास्थ्य नीति बनाने में आईएमए के मत को ही मान्यता देती है।

आईएमए अपने सदस्यों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रदान करने तथा जटिल बीमारियों को नेस्तनाबूद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी चिकित्सक साथियों को इसका सदस्य बनना चाहिए। विदिशा में लगभग 90% चिकित्सक इसके सदस्य हैं। एमपी में क़रीब 12 हजार सदस्य हैं और 69 शाखाएं कार्यरत हैं। आईएमए प्रदेश सचिव डॉ पुष्पराज भटेले जी ने कहा कि आयुष्मान योजना एक अच्छी योजना है जिससे गरीब मरीजों के इलाज में मदद मिलती है, लेकिन ओपीएस ट्रीटमेंट और ऑर्गन डोनेशन तथा प्रजनन संबंधी उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होना चाहिए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ बाय सुब्बाराव ने कहा कि नए मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना अच्छी है, लेकिन उनमें फैकल्टी की उपलब्धता भी जरूरी है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ जेके परियानी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सकों को सभी तरह की बुनियादी सुविधाएं मिलना चाहिए तभी वह बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।

**अमर बलिदानी हेमू कालाणी की जयंती के उपलक्ष्य में किया आयोजन**

# झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में निकाली एकता रैली 30 को बंद रहेंगी दुकानें, मंदिर में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भगवान झूलेलाल की जयंती के अवसर पर सिंधी समाज ने भव्य एकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। रविवार को निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां और समाज के लोग शामिल हुए।

रैली की शुरुआत पूज्य सिंधी पंचायत के पुरोहित राकेश शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ हुई। झूलेलाल मंदिर सिंधी धर्मशाला डंडापुरा से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से सिंधी कॉलोनी, बसस्टैंड, नीमताल, हॉस्पिटल रोड, माधवगंज, निकासा, मेन रोड और तिलक चौक से होते हुए वापस सिंधी धर्मशाला डंडापुरा पहुंची। पूज्य सिंधी पंचायत के ऑडिटर रवि तलरेजा ने बताया कि यह आयोजन भगवान झूलेलाल की जयंती और भारत के वीर सपूत अमर बलिदानी हेमू कालाणी की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। रैली के दौरान डीजे पर सिंधी भजनों की धुन पर लोग नाचते-थिरकते नजर आए। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया।





सिंधी समाज के लोगों ने बताया कि 30 मार्च को भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर समाज के लोग अपनी दुकानें बंद रखेंगे। इस दिन झूलेलाल मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चौरावर में तीन क्रेशरों को किया सील

**गंजबासौदा।** गत दिवस एसडीएम विजय राय ने चौरावर क्षेत्र के क्रेशरों का निरीक्षण किया। इस दौरान डायवर्सन शुल्क को लेकर कार्रवाई की गई। चौरावर में शासकीय लीज के अलावा पांच क्रेशर निजी खातों पर संचालित हो रहे हैं। इनमें से केवल एक क्रेशर संचालक ने डायवर्सन शुल्क जमा किया है। चार संचालकों ने शुल्क जमा करने की बात कही थी। यहां से करीब 7 से 8 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होना था। बासौदा उपखंड में अब तक डेढ़ करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हो चुकी है। अभी 2 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। जिन लोगों ने डायवर्सन शुल्क जमा नहीं किया, उन पर प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के आदेश पर एसडीएम विजय राय के निर्देशन में अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल के नेतृत्व में राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने चौरावर में कार्रवाई की। टीम में राजस्व निरीक्षक सौरभ, खनिज निरीक्षक राजीव कदम, हल्का पटवारी अभिषेक राजपूत, पटवारी पवन अहिरवार और पटवारी जितेंद्र राजौरे शामिल थे। इस दौरान तीन क्रेशर मशीनों को डायवर्सन शुल्क जमा न करने पर सील कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि अब बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को इसी तरह सील किया जाएगा। टीमें गठित की गई हैं और एक सप्ताह में प्रभावी कार्रवाई होगी।

### गंज हनुमान मंदिर पर ध्वज स्थापना 30 को

**गंजबासौदा।** गंज हनुमान मंदिर पर आयोजित भव्य श्री राम महायज्ञ भागवत कथा के अवसर पर गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च रविवार को ध्वज स्थापना यात्रा नौलखी मंदिर से सुबह 10 बजे प्रारम्भ होकर गंज हनुमान मंदिर के कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। गंज हनुमान मंदिर समिति तिरंगा चौक ने यात्रा में अधिक से अधिक धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

### नपा अमले ने की मंदिरों में साफ सफाई



**गंजबासौदा।** रविवार को जैन समाज के धार्मिक जुलूस कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका सफाई कर्मियों द्वारा समस्त जैन मंदिरों की सफाई उपरांत चूना लाइन डलवाने का कार्य किया गया। इस दौरान नगरपालिका स्वास्थ्य निरीक्षक जावेद खान सहित नगरपालिका सफाई अमला मौजूद था।

मुनि एवं आर्यिका संघ के सान्निध में मनाया महोत्सव, नगर में निकला चल समारोह

# भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याण महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म महोत्सव नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम स्थानीय श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक से चांदी की पालकी में विराजमान करके भगवान आदिनाथ स्वामी का चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में सबसे आगे ऐरावत हाथी फिर विज्ञान रथ चल रहे थे। विज्ञान रथ के पीछे अश्व रथ चल रहे थे जिस पर इंद्र और इंद्राणी सवार थे।

चल समारोह में अष्ट प्रतिहार्य और जैन पाठशाला के छोटे बच्चों द्वारा तैयार की गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नगर के प्रमुख सेवादल अपने अपने दिव्य घोष के साथ गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। जैन समाज का महिला मंडल भी अपनी अपनी प्रस्तुतियां देकर चल समारोह के साथ चल रही थी। वही पीछे चल रही भजन मंडली के साथ श्रद्धालु भी झूमते गाते नजर आए। श्रद्धालुओं के आगे आगे चांदी की पालकी में विराजमान भगवान आदिनाथ स्वामी चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। विमान के पीछे पीछे मुनिश्री विमल सागर महाराज एवं मुनि अनंत सागर महाराज एवं आर्यिका सृष्टिभूषण माता ससंघ विहार कर रहीं थीं। भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, सुभाष चौक से महावीर मार्ग होते हुए भगवान महावीर विहार पहुंचा। जैन समाज के धर्मावलंबियों ने अपने घरों के आगे रंगोली बनाकर और भगवान की आरती करके भक्ति प्रकट की।

वहीं नगर के प्रमुख मार्गों में बड़े बड़े स्वागत द्वार भी सजाए गए। स्थानीय महावीर विहार में मुनि संघ एवम आर्यिका संघ के सान्निध में भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा की गई। मुनि संघ की वाणी से अमृतमय प्रवचन सुनने का लाभ उपस्थित जन समुदाय को प्राप्त हुआ। चल समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की व्यवस्था की गई।

## कार्रवाई की मांग को लेकर किन्नर समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को नगर के किन्नर समाज द्वारा किन्नर गुरु मुन्ना नायक मामा के नेतृत्व में एसडीओपी मनोज मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि कुछ दिनों पहले ट्रेन में रुपये मांगने वाले कुछ किन्नरों द्वारा आदर्श विश्वकर्मा नामक युवक के साथ मारपीट की गंभीर घटना की गई थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने पर बासौदा, विदिशा, रायसेन के समस्त किन्नर समाज के व्यक्तियों की समाज में बदनामी हो रही है। इसलिए किन्नर समाज प्रशासन से मांग करता है कि ट्रेन में मांगने वाले एवं आदर्श विश्वकर्मा नामक व्यक्ति के साथ गंभीर घटना घटित करने वाले किन्नरों के विरुद्ध जांच कर कठोर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। क्योंकि उक्त घटना में डेरे वाले किन्नरों का जो गंजबासौदा, विदिशा, रायसेन में रहते हैं इस घटना से कोई संबंध नहीं है। शीघ्र आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हे गिरफ्तार किया जाऐ। इस अवसर पर किन्नर रत्ना नायक विदिशा, तमन्ना नायक रायसेन सहित कशिश, रिंकी, कामिनी, नूरी, पंडितनी, सपना गुरू सहित बडी संख्या में किन्नर मौजूद थे।

## जिझौतिया समाज का होली मिलन समारोह आयोजित, शुक्ला बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिझौतिया उत्थान समिति द्वारा होली मिलन समारोह रविवार को शाम 4 बजे से जिझौतिया धर्मशाला रामनगर कॉलोनी वार्ड नंबर एक पर आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजन अर्चन के साथ किया गया। जिसके बाद सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिझौतिया उत्थान समिति के नए अध्यक्ष के रूप में राजकुमार शुक्ला को सर्वसम्मति से चुना गया। अब वे आगामी समय में अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। शुक्ला के समाज अध्यक्ष बनने पर स्वजातीय बंधुओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। इस दौरान समिति के संरक्षक मंडल एवं मार्गदर्शक मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें समाज के बुजुर्ग एवं वरिष्ठ जनों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर राजेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, मुन्नालाल तिवारी, आरके दुबे, संजय पुरोहित, एसके रिछारिया, मुनींद्र मिश्रा, संजय चौबे, अमित रावत, अमरीश बिलगैंया, राकेश चतुर्वेदी, संतोष शुक्ला, आरके मिश्रा, संजय बिदुआ, पंकज शर्मा, पियूष नायक, आरके दीक्षित, पिंकेश उपाध्याय, महेश तिवारी, एसके मिश्रा, अजय तिवारी, रामशंकर बबेले सहित बडी संख्या में समाज जन मौजूद थे। इस बैठक में समाज की धर्मशाला के पुनरूद्धार, समाज की नियमित बैठक आयोजित करने, समाज के सभी परिवारों से संपर्क स्थापित कर उन्हें समिति में शामिल करने सहित धर्मशाला तक आने जाने के रास्ते को व्यवस्थित कराने सहित अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

उधर बरेठ रोड पर शाम के समय ब्राह्मण दल की एक बैठक में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। ब्राह्मण दल ने माता पीतांबरा को अपना अध्यक्ष नियुक्त किया है। दल पिछले कई वर्षों से ब्राह्मण समाज के हित में कार्यरत है। बैठक में फैसला लिया गया कि गुड़ी पड़वा के अवसर पर समाज के सदस्यों को विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। ब्राह्मण दल की बैठक में समाजजनों को जानकारी दी गई। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि सभी सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों को दायित्व समझकर काम करना होगा। इससे सामाजिक स्तर पर सभी कार्यक्रम सही तरीके से संपन्न हो सकेंगे। इस मौके पर बडी संख्या में विप्र जन मौजूद थे।

## चार विद्यालयों में आचार्य प्रवेश परीक्षा आयोजित

**गंजबासौदा।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवीन आचार्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के चार विद्यालयों का केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर त्योंदा रोड गंजबासौदा में अपेक्षित 60 अभ्यर्थियों में से 50 अभ्यर्थी आचार्य चयन परीक्षा 2025 में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मां वीणा वादनी की वंदना के उपरांत प्रांत द्वारा परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश



देकर सभी आगंतुक अभ्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके उपरांत सभी जगह से आए हुए अभ्यार्थियों ने विद्यालय अवलोकन किया। जिसमें शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाएं, आधुनिक शिक्षा हेतु कंप्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाएं, अटल टिंकरिंग लैब का अवलोकन कर सभी प्रसन्न हुए एवं विद्या भारती की शैक्षिक व्यवस्थाएं देख कर प्रशंसनीय सुझाव दिए।

## शहीद दिवस पर भारत माता की आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की जयंती के अवसर पर रविवार को शाम के समय जय स्तम्भ चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर भारत माता की आरती की गई। इस दौरान वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीयूष बघेल प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं संघ, रीतेश रघुवंशी, नितिन यादव, मयंक टांक, नीतीश श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

## पाठक संघ ने मनाया बलिदान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान दिवस मनाते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा संचालन करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते हुए भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज इन तीनों सेनानियों के बलिदान दिवस के 92 वर्ष हो चुके हैं अंग्रेज सरकार इन तीनों से इतनी भयभीत हो गई थी, कि उन्होंने अदालत के आदेश के अनुसार इनको 24 मार्च 1931 को सुबह 8 बजे फांसी लगाई जाना थी। लेकिन एक दिन पहले 23 मार्च 1931 को इन तीनों को शाम 7 बजे फांसी लगा दी गई। पाठक संघ द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों को हंसते-हंसते निछावर करने वाले तीनों वीर सपूतों का आज शहीद दिवस है। इस अवसर पर चंद्रभान सिंह ठाकुर, कैलाश नामदेव, कैलाश नेमा, दौलत बाबा ,नरेंद्र जैन, उमेश ताम्रकार, रमेश सोलंकी, डॉ. एके रोहिले, गोपाल ठाकुर, प्राणसिंह यादव सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर कार्रवाई की मांग

**गंजबासौदा।** नगर के ब्राह्मण समाज ने पुलिस थाने में एक शिकायती आवेदन दिया, जिसमें कहा गया कि एक युवक के द्वारा सोशल मीडिया पर भगवान परशुराम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने से ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। शनिवार को रात्रि के समय ब्राह्मण दल के सदस्य बड़ी संख्या में शहर थाने पहुंचे। इस दौरान समाज के रामकिशोर शर्मा ने बताया कि 22 मार्च को फेसबुक पर कुलदीप अहिरवार नामक युवक ने भगवान परशुराम के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने भगवान परशुराम को क्रूर और निंदनीय बताया, हालांकि बाद में यह पोस्ट हटा दी गई। ब्राह्मण दल का कहना है कि इस पोस्ट से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। समाज की ओर से एसडीओपी मनोज मिश्रा को आवेदन सौंपा गया। मिश्रा ने कहा कि आवेदन के तथ्यों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ब्राह्मण दल ने कुलदीप अहिरवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम सिरावदा में जल संरक्षण को लेकर किया जागरुक

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व जल दिवस के अवसर पर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर और आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त प्रयासों से ग्राम सिरावदा में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए दीवारों पर प्रेरक नारे और चित्र बनाए गए। इन नारों में पानी बचाने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने और पानी के सदुपयोग पर जोर दिया गया। जल संरक्षण के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाई। इस गतिविधि के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया, वहीं ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई। गांव के कुओं, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों के आसपास सफाई कर स्त्रोतों के पुनरुत्थान के लिए प्रेरित किया गया। इस सफाई अभियान में ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और जल स्त्रोतों को प्लास्टिक और अन्य कचरे से मुक्त करने का संकल्प भी लिया। जल संरक्षण के महत्व पर नुक्कड़ नाटक और गीत प्रस्तुत किए गए। ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। जल संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाली पेंटिंग्स भी बनवाई गईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। इन संस्थाओं के प्रयासों से सिरावदा गांव में जल संरक्षण के प्रति एक लोगों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। कार्यक्रम में देवेंद्र साहू, अमित शर्मा, अशोक कुमार, चंचल तामेश्वरी, जगदीश साहू ,मोहन सिंह बड़बेलिया, ऋतु राजपूत मौजूद थे।

# श्रमदान दल 4.0 का 27 वां चरण संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के 27 वें चरण में श्रमदानियों ने बेतवा नदी से फिर कचरा निकाला है। जागरूकता के बावजूद नगरवासियों की लापरवाही जारी है। 22 मार्च को पूरी दुनिया ने विश्व जल दिवस मनाया। जगह-जगह जल संरक्षण पर कार्यक्रम हुए, लोगों ने जल बचाने के संकल्प लिए और पोस्टरों पर नारे लिखे गए। लेकिन सवाल यह है कि क्या जल संरक्षण केवल एक दिन की चिंता का विषय है? क्या हम अगले ही दिन फिर से अपनी पुरानी आदतों पर लौट आते हैं। निश्चित ही श्रमदान दल के सदस्य इस प्रश्न का उत्तर हर किसी से पूछना चाहते है। रविवार को साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 का 27वां चरण बेतवा नदी के रिपटा घाट पर संपन्न हुआ। दो घंटे के श्रमदान में श्रमदान दल के सदस्यों ने बड़ी मात्रा में कचरा एकत्र किया, जो यह दर्शाने के लिए काफी है कि निरंतर अपील और जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग अभी भी अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं। श्रमदान दल स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद घाटों पर प्लास्टिक, पॉलिथीन, गुटखा पाउच, तेल-शैंपू के खाली पैकेट, पूजन सामग्री, पुराने कपड़े और अन्य कचरा जमा हो रहा है। स्वच्छता कार्यक्रम में रुद्रांश सिंह, नीरज साहू, राकेश रघुवंशी, योगेंद्र माझी, दिनेश चौरसिया, दीपेश शर्मा, आकाश जैन, ज्ञानव साहू ने भाग लिया और घाट की सफाई कर नदी को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया। सफाई दौरान दल के सदस्यों द्वारा नदी से कचरा एकत्रित किया।

## खबर संक्षेप



### अल्ताफ खान बने ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष

**सिरोंज।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन मोहम्मद दानिश खान,प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरेशी की सहमति से सामाजिक कार्यकर्ता अल्ताफ खान को मुस्लिम त्योहार कमेटी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति मोहम्मद दानिश खान द्वारा की गई। अल्ताफ खान से जब बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा की सभी समाज और धर्म को जोड़कर धर्म निरपेक्ष रहकर एवं त्यौहार के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भारतीय संविधान के दायरे में रहते हुए कार्य करूंगा। त्योहारों के साथ साथ समाज सेवा के कार्य भी करता हूं और आगे भी करता रहूंगा। मैंने अक्सर देखा है लोग पद ले लेते हैं लेकिन जब कुछ काम करने की बात आती है तो लोग वहां पर मौजूद नहीं होते। मुझे कईयों बार स्वयं खड़े होकर कोम की बात को रखा है। शासन प्रशासन तक अपनी एवं कोम की बात को रखा है मैं आगे भी हमेशा गंगा जमुना तहजीब को कायम रखूंगा और हिंदू मुस्लिम एकता को भी बरकरार रखूंगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देने में हाफिज शम्स कमर, रजी खान,निजाम खान आदि लोगों ने बधाई।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 26 को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्रा. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 139 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 मार्च दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा।

#### दिगंबर जैन बड़े मंदिर और पचखनी जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया जन्म व तप कल्याणक महोत्सव

# एक हजार वर्ष की तपस्या के बाद आदिनाथ को मिला था कैवल्यज्ञानः आर्यिका सूक्ष्ममति





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जैन समाज के श्री 1008 भगवान आदिनाथ के जन्म एंव तप कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिगम्बर जैन बडा मंदिर व दिगम्बर जैन पचखनी मंदिर में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव बडें ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल प्रभात फेरी व जैन मंदिरों में शांतिधारा, पूजन,पाठ,विधान सम्पन्न हुए। तो वही जिन शासन एकता संघ द्वारा वृद्ध आश्रम पहुचकर गरीबो को भोजन कराया।

### वृद्ध आश्रम में किया भोजन वितरण

श्री 1008 भगवान आदिनाथ के जन्म एंव तप कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में जिन शासन एकता संघ के प्रमुख जितेन्द्र जैन बब्लू के नेतृत्व में लिंक रोड स्थित वृद्ध आश्रम पर जैन समाजजनो ने वृद्धो को भोजन का वितरण किया गया। इस मौके पर राजेश जैन, रामकुमार जैन, संजय जैन,अनिल जैन सिघई,विक्रांत जैन, संदीप जैन, प्रवीण जैन मौजूद रहे। दिगम्बर जैन बडें मंदिर में आर्यिका सूक्ष्ममति माता जी निर्मला दीदी के सादिंध्य में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्मला दीदी ने कहा कि इस पृथ्वी के प्रथम महापुरूष पुरूदेव आदिनाथ तीर्थकर थें। वही उन्होने कहा कि युग के आदि में एक ऐसे महापुरूष ने इस धरती पर जन्म लिया था। जब इस सम्पूर्ण पृथ्वी पर भोग उपभोग की साम्रगिया समाप्त होने लगी थी। जो सभी मनुष्यो को कल्पवृक्षो से प्राप्त होती थी। कल्पवृक्ष 10 प्रकार के होते थें कल्पवृक्ष तेजांग नाम के इतना तेज उजाला प्रकाश होता है कि वहा कभी रात नही होती। जब इस पृथ्वी पर यह कल्पवृक्ष होते थे। उसे भोग भूमि कहा जाता था। जैसे-जैसे वृक्षो से वस्तुंए देने कम होने लगी तो उसी क्रम से कर्मभूमि प्रारंभ होने लगी। भोग भूमि में तो मनुष्य एक दो तीन दिन के बाद भोजन बेर,आंवला के बराबर करते थे। शरीर की लम्बाई 3 से 6 व 9 किलो मीटर होती थी। सभी मनुष्यो की धीरे-धीरे कल्पवृक्ष के नष्ट हो जाने पर उस समय की समस्त जनता दुखी हो गई। ऐसे समय में अयोध्या नगरी में तिपा नाभिराय एंव माता मरूदेवी के गर्भ में स्वर्ग से आदिनाथ वृषभदेव का अवतार हुआ। जिन महापुरूष के गर्भ में आने के माह पहले ही आकाश से प्रतिदिन सुबह दोपहर और शाम रात्रि चार वार रत्नो की वर्षा मां के आंगन नगर में होती थी। फिर गर्भ में आने के 9 माह तक जन्म होने तक हर बार साढे तीन करोड रत्नो की वर्षा सौधर्म इन्द्र की आज्ञा से कुबेर आकाश से करते थे। वही उन्होने कहा कि भगवान आदिनाथ का जन्म चैत्रकृष्ण नोमि को अयोध्या नगर में हुआ था।

### ऐरावत हाथी पर बैठकर अयोध्या नगरी आते हैं भगवान इंद्र

*दिगम्बर जैन बडें मंदिर में कार्यक्रम के दौरान आर्यिका सूक्ष्ममति माता जी ने कहा कि जैसे ही तीर्थंकर बालक का जन्म होता है वैसे ही स्वर्गो में देवो विमान में घंटा, सिंहनाद, शंख, नगाडे बनजे लगते है। इससे देव लोग समझ जाते है कि पृथ्वी पर तीर्थंकर प्रभु बालक का जन्म हो गया है। तब स्वर्ग में रहने वाले देव बालक को नमस्कार करते है एंव सौधर्म इन्द्र तुरन्त स्वर्ग से एक लाख योजन लम्बे वाले ऐरावत हाथी पर बैठकर जिस हाथी की अनेक सुडे व दांत होते है। उन दांतो पर सरोवर होते है तो उन पर देविया नृत्य करती है। ऐसे हाथी पर बैठकर इन्द्र आदि समस्त देव भगवान की जन्म नगरी अयोध्या आते है। हाथी आकाश में खडा रहता है और सौधर्म इन्द्र व अन्य देवी शची महल में जाकर प्रभु बालक को देखकर अत्यन्त हर्षित होती हैं। फिर वह प्रभु बालक की माता को माया मयी निद्रां में सुलाकर प्रभु बालक को अपनी गोद में उठा लेती है। इसके बाद मां के पास माया मयी बालक बना कर सुला देती है। बालक को कक्ष के बाहर खडें सौधर्म इन्द्र को दे देती है। बालक की सुन्दरता को देखने वह एक हजार नेत्र बनाते है फिर भी वृत्त नही होता। तो वही सौधर्म इन्द्र बालक को गोदी में लेकर ऐरावत हाथी पर बैठकर नृत्य गान आंनद मनाते हुए सुदर्शन मेरू पर्वत पर ले जाते है। जो पर्वत इस पृथ्वी से एक लाख योजन ऊंचा है। वहा सिंहासन पर बालक को बैठाकर क्षीर सागर के जल से 1008 कलशो से तुरन्त जन्में शिशु बालक प्रभु का अभिषेक करते है और सुदर्शन पर्वत से आकर बालक को माता-पिता को सौपकर भगवान का जन्म कल्याणक मनाकर अपने अपने स्वर्गो में चले जाते हैं।*

### भगवान आदिनाथ ने दुखी प्रजा को किया सुखी

*आदिनाथ भगवान ने सिर्फ जीने की ही कला नही सिखाई बल्कि उन्होने मरण के दुखो से वचने की भी कला सिखाई और समस्त प्रजा को आदिनाथ प्रभु ने 63 लाख पूर्व तक राज्य किया। उनकी आयु 84 लाख पूर्व थी। नीलाजंना नृत्य देखने पर उस के मरण से आदिनाथ कुमार को वैराग्य आ गया। उनकी आंखो के सामने नीलाजंना का मरण हो गया। जीवन को क्षण मंगुर समक कर तत्काल ही राज्य का भार पुत्रो को सौपकर वन में जाकर सन्यास धारण कर अपने हाथो से सिर मुछ,मुंह के वालो को उखाड कर फेक दिए और समस्त वस्त्रो,र्अभूषणो को उतारकर वीतरागी दिगम्बर दीक्षा लेकर 6 माह तक आहार पानी का त्याग कर खडें रहें। साथ ही 6 माह बाद वह आहार को निकले पर सारी पृथ्वी की जनता दिगम्बर जैन मुनि को आहार कैसे दिया जाता है इस विधि से वह अनभिस थी। क्योकि दिगम्बर मुनि किसी से कुछ मागंते नही है। इस कारण आदिनाथ भगवान के एक साल से कुछ दिन अधिक उपवास हो गए। एक वर्ष बाद जब बिहार करते हुए भगवान आदिनाथ हस्तानापुर नगर पहुचे तब वहा के राजा ने पड़गाहन किया। आइए स्वामी नमोस्तु आहार,जल शुद्ध है उन्हे उच्चासन पर बैठाया और पूजा, परिक्रमा लगाई। मन वचन काय शुद्ध है स्वामी आहार ग्रहण किजिए ऐसा बोलकर गन्ने का रस दिया। जो प्रभु ने एक साल के बाद सिर्फ तीन अजुंली लिया और पुनः वन की ओर जाकर ध्यान में लीन हो गए। भगवान को तपस्या करते हुए एक हजार वर्ष बाद उनको कैवल्यज्ञान प्राप्त हुआ। कैवल्यज्ञान प्राप्त होने पर फिर भूख,प्यास,सोना आदि दोष समाप्त हो जाते है। जब तक कैवल्यज्ञान नही होता तीर्थंकर मौन रहकर साधना करते है। कैवल्यज्ञान प्राप्त होने पर सगोसरण की रचना होती है और देवो के द्वारा सभी मनुष्य पशु-पक्षियो देवो को एक साथ आत्म कल्याण का उपदेश दिया जाता है।*

### कविता गायन कर सोशल मीडिया पर लोकप्रिय हुए अनिरुद्ध को अपर कलेक्टर ने किया सम्मानित

**रहली।** हुनर उम्र का मोहताज नहीं होता, ऐसा ही कुछ पटना बुजुर्ग के निवासी अनिरुद्ध पिता संदीप चौबे ने कर दिखाया है। अनिरुद्ध जो कि महज कक्षा तीसरी के छात्र है और कविताओं के गजब शौकीन है। अनिरुद्ध इन दिनों सोशल मीडिया पर कविताओं को अपने अंदाज में गायन कर लोकप्रिय हो चुके है, यहां तक कि जिले के अधिकारी भी इनके मुरीद हो गए है। विगत दिवस अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा लोक संस्कृति विभाग के तहत कलेक्टर कार्यालय सागर में बुलाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। विदित हो कि जिला पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा जिले की प्रतिभाओं को निखारने समय समय पर विभिन्न आयोजन कराए जाते है, आगामी 4 अप्रैल को भी सागर में विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विधाओं के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। अनिरुद्ध के पिता संदीप चौबे ने बताया कि अनिरुद्ध द्वारा भी इस कार्यक्रम में भाग लिया जा रहा है, और कार्यक्रम में शामिल होने रजिस्ट्रेशन भी कराया जा चुका है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने भी इस बच्चे की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि इसके लिए प्रशासन द्वारा बेहतर मंच उपलब्ध करवाएंगे।

### वात्सल्य स्कूल में परीक्षा परिणाम हुआ घोषित प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**सागर।** वात्सल्य स्कूल में बड़े ही गर्व के साथ विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाई गई एवं विद्यार्थियों को दिए गए उनकी सफलता के पुरस्कार। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या अलका श्रीवास्तव, उप प्राचार्या ममतेश शर्मा एवं प्रधानाध्यापिका कुलविंदर भाटिया एवं प्रशासनिक अधिकारी कारण बहादुर श्रीवास्तव, साक्षी श्रीवास्तव एवं समन्वयक सीमा सोनी सहित सभी पदाधिकारियो का स्वागत वात्सल्य जूनियर बैंड दल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया।

## ट्रैक्टर टोचिंग मुकाबले में महिंद्रा नोवो 655 प्रथम पुरस्कार जीता



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जीवाजीपुर ढोल खेड़ी चौराहे पर ट्रैक्टर टोचन महामुकाबले का आयोजन किया गया।

महिंद्रा नोवो, जॉनडियर, न्यूहॉलैंड, स्वराज, सोनालिका, आईसर जीवाजीपुर सरपंच अमर सिंह ठाकुर द्वारा टोचिंग का मुकाबला करवाया गया। जिसमें कई ट्रैक्टर शामिल हुए सुबह 10 बजे से रात 4 तक मुकाबला चला। जिसमें न्यू हॉलैंड 5620 को हराकर महिंद्रा नोवो 655 ने मुकाबले में जीत हासिल की। सरपंच अमर सिंह ठाकुर एवं ब्यावरा से युटुबार गुरुवीर भाई द्वारा प्रथम पुरस्कार एवं रु 51000 का चेक ट्रैक्टर मालिक अभिषेक केवट ने चेक प्राप्त किया। महिंद्रा शोरूम के सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम क्षेत्र में होते रहना चाहिए। शिवपुरी से फार्मट्रेक 6055 को द्वितीय पुरस्कार सुरेंद्र रघुवंशी द्वारा 11000 का दिया गया। टोचिंग देखने के लिए बाहर एवं जिले से 10 हजार लोग शामिल हुए। जीत के बाद लोगों ने महिंद्रा ट्रैक्टर की रैली निकालकर जश्न मनाया गया। इस दौरान सुरेंद्र रघुवंशी, अमर सिंह ठाकुर, मुकुल बघेल, रविन्द्र रघुवंशी, अभिषेक केवट, सौरव गुर्जर, सचिन, रोहित लोधी मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय फर्स्ट चेस फॉर एवरीवन नेशनल एफआईडीई रेटिंग टूर्नामेंट प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर के परिसर में फर्स्ट चेस फॉर एवरीवन नेशनल एफआईडी रेटिंग टूर्नामेंट का आज से आगाज हो गया है। टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थित के. एस. पित्तरे (चेयरमेन ऑफ क्रिकेट एशोसिएशन डिवीजन सागर), चीफ आर्विटर यशपाल अरोरा, डीपीएस सागर के निदेशक इंजी. राहुल सराफ, डीपीएस सागर के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेजुएला ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का मुआयना किया और प्रतियोगियों को शुभकामनाएँ दीं।

टूर्नामेंट को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ ने बताया, कि हमारे विद्यालय ने सागर में चैस को बढ़ावा देने का हमेशा से प्रयास किया है। इससे पहले भी विद्यालय स्तर के, डिवीजन स्तर के चेस टूर्नामेंट यहाँ आयोजित कराए हैं। जिसकी लोकप्रियता और सफलता को देखते हुए इस बार राष्ट्रीय स्तर पर चेस टूर्नामेंट आयोजित कराया है। राष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट में सम्मिलित प्रतियोगी छात्रों के लिए केवल ढाई सौ रुपये मात्र की एंट्री फीस लेकर प्रतियोगिता में भाग लेने रहने, भोजन आदि की सुविधाएँ उपलब्ध कराईं हैं। हमारा सागर शतरंज के खेल में भी आगे बढ़ सके और शहर का नाम रोशन हो सके इसके लिए हमारी तरफ से ये प्रयास किए गए हैं।




चूँकि यह चेस टूर्नामेंट राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कराया जा रहा है इसको लेकर भी पत्रकारों ने जब सवाल पूँछा तो उन्होंने जबाव देते हुए बताया, कि इस टूर्नामेंट में देश भर के 18 राज्यों से तकरीब 300 प्रतियोगी भाग लेने सागर पहुँचे हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुएला ने बताया, कि टूर्नामेंट में स्वीडन और अन्य विदेशों से भी प्रतियोगियों ने सम्मिलित होने के लिए ऑन लाइन एप्लाई किया था, लेकिन अभी ये टूर्नामेंट केवल भारतीयों के लिए ही कराया गया है इसलिए उनको एंट्री नहीं दी गई। लेकिन भविष्य में ये संभव हो सकता है।

टूर्नामेंट को लेकर चीफ आर्विटर यशपाल अरोरा ने बताया, कि यह टूर्नामेंट ओपन टूर्नामेंट है इसलिए इसमें पाँच वर्ष के आयु से लेकर 70 वर्ष की आयु तक के प्रतियोगी भाग लेने यहाँ आए हुए हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दिल्ली पब्लिक स्कूल, सागर द्वारा जिला शतरंज संघ सागर के सहयोग से और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में 23 से 27 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। रविवार को खेले गए मैंच की समरी देते हुए टूर्नामेंट के हेड अंकुर सिंह ठाकुर ने बताया, कि टूर्नामेंट के कुल नौ चक्र होंगे आज दो चक्र खेले गए। पहले चक्र में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपने-अपने चक्र जीत कर बढ़त बनाए हुए हैं। पहले चक्र में एक उलटफेर फिर भी हुआ है, जिसमें सागर के मुरारी लाल सकवार को एक उभरती हुई छात्रा अनुकृति यादव जो, कि 11 साल की हैं उसने मुरारी लाल को ड्रॉ पर रोक दिया। आगे उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सागर से अंकुर सिंह ठाकुर, शुभम परेता, आयुष्मान सैनी, मथुरा (उत्तर प्रदेश) के नकुल सिंह चौधरी, राजस्थान के कुलदीप चौहान निर्णायक की भूमिका में हैं।

## राणा सांगा पर अमर्यादित टिप्पणी से भड़का राजपूत समाज



**विदिशा।** राजपूत महापंचायत द्वारा सभी क्षत्रिय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ रविवार को कोतवाली थाने पहुंचकर टीआई के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि 22 मार्च को उत्तरप्रदेश से सपा के टिकट पर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में महान वीर राणा सांगा के लिए बहुत ही अमर्यादित एवं अनुचित भाषा का इस्तमाल करते हुए गद्दार कहा गया। जिससे राजपूत समाज और समस्त हिंदू समाज का घोर अपमान हुआ है। उसकी गिरफ्तारी कराने और उनकी राज्यसभा में सांसदी स्थगित करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई। इस दौरान मुख्य रूप से विक्रम सिंह, श्यामवीर सिंह, प्रताप सेंगर, शैलेन्द्र सिंह पलोह, शैलेन्द्र सिंह टीलाखेड़ी, रामपाल राजपूत, आनंद भदौरिया, क्षितिज गौतम, रणवीर सिंह, प्रभाकर परिहार, शिवेंद्र भदौरिया मौजूद रहे।

### जीएसटी प्रशिक्षण में बताया कि व्यापारियों को साइन बोर्ड पर नंबर लिखना अति अनिवार्य

**सागर।** प्रधानमंत्री उषा किरण योजना के अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में आयोजित एक सप्ताह के जीएसटी एवं टैक्सेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन डा जीएस रोहित प्राचार्य तथा नितिन शर्मा जनभागीदारी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीएसटी के विभिन्न पहलुओं पर सैद्धांतिक एवं व्याहारिक जानकारी दी गई।

#### जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर के जन्मोत्सव पर आयोजन

## शीतलधाम और आदिनाथ जिनालय में श्रद्धालुओं ने किया विशेष अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी जैन मंदिरों में विशेष पूजन और अभिषेक का आयोजन किया गया।

शीतलधाम में बाल ब्रह्मचारी अनूप भैया के मार्गदर्शन में बर्रो वाले बाबा का महामस्तकाभिषेक हुआ। इस अवसर पर शांतिधारा और भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन भी किया गया। खरी फाटक रोड स्थित आदिनाथ जिनालय में श्रद्धालुओं ने मूलनायक भगवान आदिनाथ का अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने पलना कार्यक्रम



में भाग लेकर भगवान को झुलाया। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार, भगवान आदिनाथ का जन्म चैत्र कृष्ण नौवीं को सूर्योदय के समय हुआ था। वे ऋषभनाथ के नाम से भी जाने जाते हैं। जन्म से ही उन्हें सभी शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त था। उन्होंने माघ कृष्ण चतुर्दशी को मोक्ष प्राप्त किया।

#### विश्व वानिकी दिवस पर के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

## पेड़ मानव को जीवन पर्यन्त देने का काम करते हैंः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में भी विश्व वानिकी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विदिशा के रेंज आफिस परिसर इको सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को हम सब मिलकर अच्छा पर्यावरण विरासत दे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पेड़ अपने संपूर्ण जीवन काल में मानव को सदैव देंने का काम करते हैं।

चाहे वो फूल फल पत्ते औषधियां या लकड़ियां इस से कहीं अधिक स्वच्छ पर्यावरण व आक्सीजन देते हैं। वन मंडलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रमों अधिकाधिक सहभागिता निभातें हुए उनकी रक्षा के दायित्वों का निर्वाहन करने हेतु सभी को




अभिप्रेरित करें। जीवन के लिए ऑक्सीजन भोजन, ईंधन समेत तमाम प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत होती है जो हमें वनों से प्राप्त होते हैं। ऐसे में वन का महत्व बहुत ज्यादा है इसलिए राष्ट्र विकास की दिशा में विश्व पटल पर इस प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं।

वन मंडलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 मार्च अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाया जाता है हम आने वाली पीढियां के लिए स्वच्छ वायु जल और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं तो हमें वनों के संरक्षण के प्रति गंभीर होना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 दिसंबर 2012 को घोषणा की की हर साल 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाएगा।

पहला आधिकारिक आयोजन 21 मार्च 2013 में किया गया था वन दिवस मनाने के लिए 21 मार्च की तारीख तय करने का एक कारण था इस दिन उत्तरी गोलार्ध में बसंत विश्व एवं दक्षिणी गोलार्ध में शरद विश्व के आसपास आता है। 21 मार्च को दिन और रात बराबर होते हैं जो प्रकृति और पारिस्थितिकी संतुलन का प्रतीक है।

**पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण आज से**

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन मे भारत सरकार के आंगनबाड़ी केन्द्रों मे क्रियांवित होने वाले पोषण भी पढाई भी अभियान के लिए की जिले की सभी 2633 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 03 दिवसीय प्रशिक्षण के दो सत्र 24 मार्च से 29 मार्च तक सभी 16 बाल विकास परियोजना मुख्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं।

पुराना ट्रेक्टर बेचना है
2023 MODEL
NEW HOLLAND
3630 TX
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो.: 9425600144

## खबर संक्षेप

### श्री सीताराम महायज्ञ व रामकथा का 8 से आयोजन

**रायसेन।** श्री हनुमान प्रकट उत्सव के अवसर पर शहर में श्री सीताराम महायज्ञ एवं रामकथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन



आगामी 8 से 14 अप्रैल तक श्री खुनखुन बाग दादाजी दरबार श्रीजी सिटी कॉलोनी में संपन्न होगा। आयोजन में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगा और समाज में धार्मिक चेतना को जागृत करेगा। आयोजन में श्रीराम कथा का साप्ताहिक वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक पं रामजी कृष्ण महाराज द्वारा किया जाएगा। वहीं पं संतोष शास्त्री के सानिध्य में यज्ञ संपन्न होगा। साथ ही 11 अप्रैल को कवि सम्मेलन, 12 अप्रैल को विशाल जागरण के साथ साथ अन्य आयोजन भी किए जाना निश्चित हुआ है। आयोजन में समस्त भक्तजनों से शामिल होने की आपील की गई है।

### नगर में निकाली शहीद सम्मान गौरक्षा रैली

**बरेली।** माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित ग्राम मांगरोल में रविवार से 5 दिवसीय गौ कथा संत समागम, एवं गौ आधारित खेती के लिए कृषि प्रशिक्षण का आयोजन हो रहा है। गौ कथा एवं कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व पोरिया गार्डन से मांगरोल नर्मदा तट स्थित नरसिंह मंदिर तक गौ माता की झांकी रथों में सवार पू. ब्रम्हचारी जी, मुक्तानंद महाराज एवं संतो की रैली वाहनों के साथ निकली। नगर एवं ग्रामीण मार्गो पर निकली शहीद सम्मान गौ रक्षा रैली का धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत पूजन किया गया। नर्मदा क्षेत्र जहॉ के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 50 हजार गो वंश है। पहली बार गो रक्षा, गाय माता के संरक्षण सम्वर्धन और गाय के मूत्र, गोबर से होने वाले लाभ, गौवंश की जैविक, प्राकृतिक खेती में उपयोगिता के लिए नर्मदा तट मांगरोल के नरसिंह मंदिर में 5 दिवसीय कार्यकम का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम स्थल मांगरोल में राष्ट्रीय स्तर पर वैद्यों द्वारा असाध्य रोगों का नाडी परीक्षण वैदिक चिकित्सा उपचार किया जाएगा।

## सीजन में तीन बार टूटी मुख्य नहर, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी नहीं रुक रहा है नहरों का रिसाव

*बाड़ी स्थित बारना परियोजना प्रशासन की अनदेखी के कारण ध्वस्त हो रही है। रख रखाव के न होने के कारण पानी का संचालन सुव्यवस्थित नहीं हो पा रहा है। नहर के सुधारीकरण के बहाने नहर के बंद कर दिया गया है, जिससे किसान परेशानी में आ गए है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली/रायसेन

बारना की नहरों के सुदृढ़ीकरण पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद नहरों का रिसाव नहीं रुक पा रहा है। नहरें बार-बार टूट रही है, लेकिन जिम्मेदार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। सुधारीकरण के नाम पर नहरों को बंद कर देते है, जिससे बाडी, बकतरा, बरेली, उदयपुरा सहित अन्य क्षेत्रों की सैकड़ों एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है।

### बार-बार टूट रही मुख्य नहर

बाड़ी बारना डेम से दो मुख्य नहरे निकली है। जिनसे बाड़ी, बक्तरा क्षेत्र और बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसील के ग्रामों तक पानी पहुंचता है। बायी मुख्य नहर जिससे सबसे अधिक भूमि में सिंचाई होती है। चल रहे सिंचाई सीजन में बायी मुख्य नहर तीसरी बार टूटने की स्थिति बनी है। बायी मुख्य नहर का हरडोव ग्राम से उंटिया खुर्द तक नहर फिलिंग में है। नहर उंची और खेत नीचे है। इसी फिलिंग वाले स्थानों पर मुख्य नहर बार-बार टूटने और बारना परियोजना द्वारा मरम्मत की मात्र औपचारिकता की जाती है। कुछ वर्षो पूर्व मुख्य नहर सहित नहरो एवं उप नहरों के सुदृणीकरा के कार्यो पर ठेकेदारों के माध्यम से करोडो की राशि खर्च की जा चुकी है। ठेकेदारों के कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के साथ जांच और कार्यवाही की मांग किसानों द्वारा की जा रही है।



### नहीं रुका नहरों का रिसाव

बायी मुख्य नहर के साथ जुडी नहरों, उप नहरों में पानी रिसाव बडी समस्या रही। एक बार नहर पुल टूट जाने की बडी घटना भी हो चुकी है। नहरो को पक्का करने चौड़ाई उंचाई बढ़ाने के कार्यो पर बारना परियोजना द्वारा करोडो की राशि खर्च की गई। विभाग के जिम्मेदारों एवं ठेकेदारों की मिली भगत से घटिया निम्न स्तरीय कार्य होने के कारण न तो नहरों का रिसाव रूका ओर न ही बायी मुख्य नहर का टूटना बंद हुआ। किसान फसलों में अंतिम सिंचाई के लिए हैरान परेशान बने नजर आ रहे है। फिलिंग वाली स्थान की मुख्य नहर बार-बार न टूटे इसके लिए स्थायी समाधान व्यवस्था की मांग किसानों द्वारा की जा रही है।

### गंभीर समस्या का हो स्थाई हल



*बाड़ी, बकतरा, बरेली, उदयपुरा सहित कई क्षेत्र बारना परियोजना से जुड़े हुए है। हरडोव एवं ऊंटियाखुद के बीच बाड़ी मुख्य नहर बार बार टूट रही है, जिससे किसान सिंचाई के लिए परेशान हो रहे है। स्थायी समाधान किया जाना जरूरी है। जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना चाहिए।*

*- भगवान सिंह राजपूत, पूर्व विधायक बरेली।*

### इनका कहना है

बायी मुख्य नहर टूटी थी, उसे जोड दिया गया है। नहर में पानी भी चालू कर दिया गया है।

- **डीआर मिश्रा,** एसडीओ बारना नहर विभाग बरेली।

## हार्वेस्टर और कार में आमने सामने से भिड़ंत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पुरानी दीवानगंज चौकी के सामने रविवार तड़के सुबह 6 बजे हार्वेस्टर क्रमांक एचआर 09 एच 2802 भोपाल से विदिशा की तरफ जा रहा था। उसी समय कार क्रमांक एमपी 09 एएच 2061 विदिशा की तरफ से भोपाल कि तरफ आते समय हार्वेस्टर से जोरदार भिंडत हो गई। जिससे कार उछलकर रोड के नीचे जा गिरी। जबकि हार्वेस्टर का बड़ा पहिया फुटकर टेढ़ा हो गया तो वही कार के पर परखच्चे उड़ गए।

वह तो गनीमत रही कि कार के समय रहते एयरबैग खुल गए जिससे कार में सवार निसार पटेल, दानिश पटेल, साहिल पटेल, अरबाज पटेल और साहिल पटेल निवासी देवास इंदौर सभी पांचो व्यक्तियों को कम चोट आई है। सूचना मिलते ही दीवानगंज चौकी से सूरज वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। सूरज वर्मा द्वारा घायलों को एंबुलेंस से बेरखेड़ी चौराहे पर एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### टोचन प्रतियोगिता में भाग लेने आए थे घायल

घायल पांचो युवक इंदौर से विदिशा में हो रहे ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता में भाग लेने आए थे वहां से जीतकर वापस इंदौर जा रहे थे तभी दुर्घटना हो गई। दुर्घटना का एक कारण ड्राइवर को झपकी आना बताया जा रहा है। क्योंकि ड्राइवर पूरी रात टूर्नामेंट में था। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को परिजन इंदौर अस्पताल ले गए हैं। जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

### नहीं रुक रहा है हादसों का सिलसिला

एक हफ्ते में दीवानगंज पर यह तीसरी दुर्घटना है। रोड के दो लाइन होने के कारण भोपाल विदिशा हाईवे पर रोज कहीं ना कहीं दुर्घटनाएं हो रही है। कई ग्रामीण कई वर्षो से रोड को फोर लाइन करने की मांग करते आ रहे हैं। इसके बावजूद भी भोपाल विदिशा हाईवे को फोर लाइन में नहीं बदला जा रहा है, जिसका खामियाजा रोज राहगीर भुगत रहे हैं।

## राजपूत समाज ने योद्धा राणा सांगा पर अनर्गल टिप्पणी के विरोध में सपा सांसद का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राजपूत समाज के युवाओं ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के संसद में महान योद्धा राणा सांगा को गद्दार वाले बयान पर विरोध दर्ज कराते हुए रविवार को शहर के सागर चौराहे पर सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला जलाया।

प्रदर्शनकारियों ने सपा सांसद की टिप्पणी को राणा सांगा के गौरवशाली इतिहास का अपमान बताते हुए समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की।

इस अवसर पर राकेश तोमर, बबलू ठाकुर, शिवराज सिंह कुशवाहा, संतोष बघेल, विक्की



ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, अजय ठाकुर, प्रभाशु भदौरिया, जीतेंद्र ठाकुर, अलख राजपूत, वीरेंद्र ठाकुर, अमन तोमर, विजय राजपूत, देवेश तोमर, विजय राठौर, ओमप्रकाश राजपूत, सोनू ठाकुर, मोनू ठाकुर, उमेश सिंह, राजू चौरसिया सहित कई युवा शामिल थे।इसी प्रकार, कासगंज में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर बृजेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में सपा सांसद के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने रामजी लाल सुमन को राज्यसभा से निलंबित करने और समाज से माफी मांगने की मांग की। राणा सांगा, जिनका पूरा नाम महाराणा संग्राम सिंह था, मेवाड़ के सिसोदिया वंश के एक प्रसिद्ध शासक थे। वे अपनी बहादुरी, सैन्य कौशल और मुगल बादशाह बाबर के खिलाफ लड़े। सपा सांसद की इस टिप्पणी के बाद भाजपा और राजपूत समाज ने इसे महापुरुषों का अपमान बताते हुए सपा से माफी की मांग की है।

## चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े 39 स्थाई वारंटी, त्योहारों के मद्देनजर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पुलिस ने शनिवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराधियों पर शिकंजा कसा। इस दौरान सभी एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार पुलिस टीमों का गठन किया गया। अभियान के तहत पुलिस ने एक रात में 39 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, 160 से अधिक हिस्ट्रीशीटर और गुंडा-बदमाशों की चेकिंग की गई। पुलिस टीमों ने 51 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई और 63 संपत्ति संबंधी आरोपियों की जांच की।

आने वाले त्योहारों के मद्देनजर शनिवार रात 12 बजे से विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने अस्पताल, होटल, ढाबा और एटीएम की गहन जांच की। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों से पूछताछ की गई। वहीं, मोटर व्हीकल एक्ट (एमवी एक्ट) के तहत 16 प्रकरणों



में 7,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में गश्त की और हिस्ट्रीशीटरों एवं बदमाशों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी। इसके अलावा, शासकीय एवं निजी अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया।

## दीप प्रज्वलित कर शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि...



**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** शहीद दिवस अवसर पर युवा मोर्चा रायसेन ने शहीद स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता वरुण खत्री ने बताया कि 23 मार्च 1931 को भारत के वीर पराक्रमी अमर बलिदानी शहीद भगत सिंह जी, सुखदेव थापर जी, शिवराम हरि राजगुरु जी को अंग्रेजी हुकूमत ने षड्यंत्र रचकर पहले तो फांसी की सजा सुना दी और फांसी देने की तिथि से एक दिन पूर्व ही फांसी दे दी। देश के लिए इतनी कम उम्र में जीवन समर्पित करने वाले वीर शहीदों को हम अपना आदर्श मानते है किसी भी अनन्य के खिलाफ आवाज उठाने से पहले हम इन्हें जरूर याद करते है। ये हमारे विचारों में हमेशा अमर रहेंगे। इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता शिवम बघेल, बालमुकुंद मेघवंशी, पूर्व सोलंकी, आकाश पंथी, शुभम जाटव, रोहित सिंह, विकास चौहान, पीयूष खटीक सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## रघुवंशी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक रोंसरारानी में संपन्न

## आने वाली पीढ़ी को बेहतर माहौल देना हम सभी का है कर्तव्य: पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

रघुवंशी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को अंचल के रोंसरारानी ग्राम सीतारा मंदिर परिसर में संपन्न की गई। प्रारंभ में श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की गई। बैठक को अनेक युवाओं ने संबोधित किया।

रघुवंशी समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय पटेल हमीरपुर ने बैठक को संबोधित कर कहा कि समाज को संगठित व अनुशासित रखने में युवाओ की भूमिका महत्व पूर्ण होती है। युवा समाज की दिशा व दशा बदलने में सक्षम है। युवा मात्र समारोह का हिस्सा ना बने बल्कि अपने जिम्मेदारी पूर्ण कार्य से समाज में अपनी भूमिका का निर्वाहण भरीद



करें ताकि आनेवाली पीढ़ी को हम बेहतर माहौल उपलब्ध करा सकें।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा उच्चशिक्षा प्रापत करे साथ ही समाज के ऐसे युवा जो उच्च शिक्षा से वंचित है या किसी कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नही कर पा रहे है ऐसे युवाओं लिए उच्च शिक्षा प्राप्त कए जाने का माहौल विकसित किया जाना चाहिए। ताकि समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगें बढ़ सकें। यहां यह भी बताया कि युवाओं को अध्यात्म के क्षेत्र में भी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाहण करना होगा। इतना ही नही, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वचछता की दिशा में भी कार्य करने की कार्य याजना बनाई जावे। समाज में भाईचारा बढे, सहयोग की भावना का विकास हो, सादा जीवन उच्च विचार हो बल्कि फिजूल खर्ची ना हो, इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता हैं।

नकारात्मक सोच को तिलांजलि देकर सकारात्मक सोच को विकसित किया जाना आवश्यक हैं। बैठक में अगामी माह आयोजित होने वाले समाज के निःशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन सहित अन्य बिंदुओ पर भी विस्तार से उपस्थितो के द्वारा चर्चा की गई।

## मुनि श्री 108 निष्काम सागर के सानिध्य में विमान उत्सव हुआ संपन्न

# जन्म जयंती नहीं, जन्म कल्याणक मनाएं : मुनि निष्काम सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जैन समाज ने शहर में एक ऐतिहासिक आयोजन किया, जिसमें आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 निष्कम सागर के सानिध्य में विमान उत्सव संपन्न हुआ।

सुबह 8 बजे श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से विमान यात्रा की शुरुआत हुई, जो कि श्री 1008 शांतिनाथ जिनालय पहुंची। रास्ते में जैन श्रद्धालुओं ने जगह-जगह मुनिराजों के पाद प्रक्षालन किए और श्रीजी की आरती उतारी। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति से सराबोर हो गया।

मुनि श्री 108 निष्कम सागर जी ने जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन्म जयंती और जन्म कल्याणक में बड़ा अंतर है। जन्म जयंती बार-बार मनाई जाती है, जबकि जन्म कल्याणक सिर्फ एक बार मनाया जाता है। उन्होंने



भगवान महावीर स्वामी को जैन धर्म का प्रवर्तक मानने की भ्रांति भी दूर की और बताया कि जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान आदिनाथ थे, जिनके बाद 23 तीर्थंकर हुए और भगवान महावीर स्वामी अंतिम तीर्थंकर थे।

### चरण चिन्ह होंगे स्थापित

*शहर के श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में एक और महत्वपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। यहां आचार्य विद्यासागर महाराज के अष्टधातु निर्मित चरण चिन्ह स्थापित किए जाएंगे। इस कार्य का सौभाग्य डॉ सौरभ जैन को प्राप्त हुआ है।*

## विमान में विराजित कर श्रीजी की प्रतिमा का कराया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवादिदेव भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक रविवार को नगर में जैन समाज के द्वारा आस्था, श्रद्धा, उत्साह व उमंग के साथ मनाया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए कार्यक्रर्मो में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

सुबह के समय अतिशयकारी पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रथम तीर्थंकर, देवादिदेव भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला गया। बुधवारा बाजार से प्रारंभ हुआ चल समारोह जैन चैत्यालय, आजाद मार्केट, गांधी चौक, त्रिमूर्ति जिनालय, बजरंग चौराहा आदि स्थानो से गुजरता हुआ प्रारंभिक स्थल



पर पहुचं कर समाप्त हो गया। चल समारोह में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को चांदी जडित विमान में विराजित किया गया। चल समारोह के दौरान अनेको स्थानो पर भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की समाजजनो के द्वारा श्रद्धा पूर्वक आरती उतारी गई। रास्ते में अनेको स्थानो पर आकर्षक रंगोली सजाई गई।

## विधायक निधि से बनाए गए गो ग्रास भंडार गृह का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रविवार को फोरलेन-45 के किनारे स्थित ग्राम समनापुर में आचार्य विद्या सागर जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ट्रस्ट द्वारा गौशाला में बने मुनि क्षमा सागर गौ ग्रास भंडार गृह का लोकापर्ण क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा किया। पटेल ने कहा कि विधायक चुने जाने के बाद शायद पहला विधायक निधि का पत्र गौशाला के लिए लिखा था। कार्य पूर्ण हो गया पुनः 5 लाख विधायक निधि देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि जैन धर्म समाज की परंपरा रीति रिवाज एवं धर्म के प्रति लग्र देख कर लगता है कि पूरे देश में जिन शासन लागू होना चाहिए। जैन समाज में हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रहण को त्याग



कर जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। यही जैन धर्म है, राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि राशि जिस काम के लिए दी जाती है। उसका उसी काम के लिए उपयोग बेहतर होगा।

गौ ग्रास भंडार ग्रह के लोकापर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता दयोदय महासंघ के अध्यक्ष प्रेमचंद जैन ने की, गौशाला को हमेशा सहयोग करने वाले सेवा भावी लोगो और कुल गौरवी परिवारों का सम्मान गौशाला समिति की ओर से राज्यमंत्री द्वारा किया।